MP: छतरपुर में बैंक कर्मचारी ने पकड़ी नकली नोटों की गड्डी, ग्राहक को पुलिस के हवाले किया

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में नकली नोट के साथ पैसे जमा कराने पहुंचे एक व्यक्ति का भांडा फूट गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने नकली नोट जब्त कर लिए हैं और ग्राहक से पूछताछ कर रही है कि नकली नोट उसके पास कैसे पहुंचे.

मामला शहर के सटई रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शाखा का है. यहां प्रेमचंद कुशवाहा नामक व्यक्ति 50-50 रुपए के 80 नोट (कुल 4000 रुपये) लेकर जमा करने पहुंचा. बैंक कर्मचारी अमित साहू ने नोटों को मशीन से जांचा तो सभी नोट नकली पाए गए. जांच के बाद कर्मचारी ने तुरंत सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी और आरोपी को पुलिस आने तक शाखा में बैठाए रखा.

Source: https://www.aajtak.in/madhya-pradesh/story/bank-employee-caught-a-bundle-of-fake-notes-in-chhatarpur-and-handed-over-the-customer-to-the-police-lclcn-strc-2226532-2025-04-26